उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज।

पत्रांकः/ 1227/421(2021)/अधियाचन/2021–22 दिनांकः 07-08 2021

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 07.08.2021 को उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड द्वारा आयोजित प्रशिक्षित स्नातक की प्रथम पाली की सम्पन्न परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने एवं बोर्ड की छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से एक उत्तरमाला सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है।

चयन बोर्ड द्वारा उक्त तथाकथित उत्तरमाला का संज्ञान तुरन्त लेते हुये इसकी जॉच की गयी एवं पाया गया कि वायरल उत्तरमाला बोर्ड की मास्टर उत्तरमाला से मेल नहीं खाती है। इस प्रकार वायरल किया गया उत्तरमाला पूरी तरह से मनगढ़न्त एवं फर्जी है जो कि एक सुनियोजित षड्यन्त्र का हिस्सा प्रतीत होता है।

सभी सम्बन्धित परीक्षार्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे इस प्रकार के मनगढ़न्त एवं अनर्गल दुष्प्रचार के प्रभाव में न आये एवं पूरे मनोयोग से परीक्षा में शामिल हो।

07-08-2021

नवल किशोर
उपसचिव/परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,
प्रयागराज।